# एशिया कप में पहली बार भारत-पाक आमने-सामने

**भारत टूर्नामेंट में अजेय, दो बार हार चुका है पाकिस्तान**

**अभिषेक और सूर्यकुमार यादव ने बेहतरीन बल्लेबाजी दिखाई**

**12 फाइनल में भारत आठ बार जीत दर्ज कर चुका**

**पाक फाइनल में पलटवार करने की क्षमता रखता है**




**दुबई, 27 सितंबर। क्रिकेट जगत का सबसे बड़ा मुकाबला आ गया है। रविवार की रात दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के फाइनल में जब भारत और पाकिस्तान आमने-सामने होंगे, तो यह सिर्फ एक क्रिकेट मैच नहीं, बल्कि भावनाओं और ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता का एक विस्फोटक महासंग्राम होगा।**

सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम और सलमान आगा के नेतृत्व वाली पाकिस्तान टीम के बीच होने वाला यह मुकाबला 41 साल का सूखा खत्म करेगा। दरअसल, दोनों टीमें एशिया कप इतिहास में पहली बार आपस में खिताबी मुकाबला खेलेंगी। साल 1984 से टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है, लेकिन पिछले 16 संस्करणों में चिर प्रतिद्वंद्वी टीमों ने कभी आपस में फाइनल नहीं खेला था। भारतीय टीम दुबई में पाकिस्तान को रौंदकर नौवीं बार एशिया कप खिताब जीतने उतरेगी। भारत इस मुकाबले में अजेय रहकर उतरा है, जिसने पाकिस्तान को टूर्नामेंट में पहले ही दो बार हराया है, जबकि पाकिस्तान फाइनल के दबाव में पलटवार करने की क्षमता रखता है। भारतीय टीम एक मिशन पर दिख रही है, जिसमें उनकी बल्लेबाजी विकल्पों से भरी हुई है। शीर्ष क्रम में अभिषेक शर्मा ने 309 रन बनाकर शानदार फॉर्म दिखाया है, उनका स्ट्राइक रेट 200 से अधिक रहा और उन्होंने लगातार तीन अर्धशतक जड़े। शुभमन गिल का धैर्य और सूर्यकुमार यादव (कप्तान) की आतिशी बल्लेबाजी टीम को मजबूती देती है। इसके अलावा, तिलक वर्मा और विकेटकीपर संजू सैमसन का आक्रामक अंदाज टीम को मध्यक्रम में गति देता है। निचले क्रम में शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल की मौजूदगी डेथ ओवरों में बड़ा स्कोर खड़ा करने की क्षमता रखती है। गेंदबाजी की बात करें तो भारत के पास विविधता और संतुलन है। जसप्रीत बुमराह नई गेंद से कहर बरपाते हैं, जबकि स्पिन तिकड़ी—कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती—किसी भी लाइन-अप को बांधने का दम रखती है।

### संभावित एकादश

भारत- अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेट की पर), शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती।
पाकिस्तान- सैम अयूब, साहिबज़ादा फरहान, फखर जमान, सलमान आगा (कप्तान), हुसैन तलत, मोहम्मद हारिस (विकेट की पर), मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, अबरार अहमद।

# तीरंदाज शीतल देवी ने रचा इतिहास

**कारनामा**

- बिना भुजाओं वाली तीरंदाज शीतल देवी ने विश्व पैरा चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण
- पैरों और ठुड्डी से तीर चलाकर हासिल किया स्वर्ण पदक
- शीतल देवी ने तुर्किये की ओजनूर गिर्डी को फाइनल में हराया
- फाइनल स्कोर 146-143 से शीतल ने जीती रोमांचक भिड़ंत
- टीम इवेंट में रजत और मिश्रित स्पर्धा में कांस्य जीता



**ग्योंगजू (कोरिया), 27 सितंबर।** अठारह वर्षीय भारतीय पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने शनिवार को कोरिया के ग्योंगजू में आयोजित विश्व पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप में महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत ओपन वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह जीत इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि शीतल प्रतियोगिता में एकमात्र ऐसी एथलीट हैं जो बिना भुजाओं के अपने पैरों और ठुड्डी का उपयोग करके अचूक निशाना साधती हैं। उन्होंने फाइनल में तीन बार की विश्व चैंपियन और विश्व नंबर एक तुर्किये की ओजनूर क्यूर गिर्डी को 146-143 के स्कोर से हराकर यह गौरव हासिल किया।

### एक ही दिन में तीन पदक

**व्यक्तिगत स्वर्ण**- पदक शीतल देवी का दिन का तीसरा पदक था, जो उनके असाधारण समर्पण को दर्शाता है।
**रजत पदक**- इससे पहले, उन्होंने सरिता के साथ मिलकर कंपाउंड महिला ओपन टीम स्पर्धा के फाइनल में तुर्किये से हारने के बाद रजत पदक जीता।
**कांस्य पदक**- उन्होंने टोमन कुमार के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कमाल किया, जहाँ उन्होंने ग्रेट ब्रिटेन की जोड़ी (जोडी ग्रिनहैम और नाथन मैकक्वीन) को 152-149 से हराकर कांस्य पदक जीता।

## एक नजर में



### जोनाथन ने एयर पिस्टल में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली.** डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में चल रहे आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में भी भारतीय युवाओं का दबदबा कायम रहा। 16 वर्षीय निशानेबाज जोनाथन एंटनी ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।कर्नाटक के इस युवा निशानेबाज, जिन्हें ओलिंपियन जीतू राय कोचिंग देते हैं, ने फाइनल में 244.8 का ओलिंपिक-रिकॉर्ड स्कोर बनाया और इटली के लुका अरिघी को 8.5 अंकों के बड़े अंतर से मात दी।इसके अलावा, महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रश्मिका सहगल ने रजत पदक जीतकर भारत की झोली में एक और पदक डाला। व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट इवेलीना शीना ने स्वर्ण पदक हासिल किया।टूर्नामेंट में दो दिनों के बाद भारत पदक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। भारत के पास कुल दो स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक हैं।



### सिंधु को अब समझदारी से टूर्नामेंट चुनने होंगे

**नई दिल्ली.** लंदन ओलंपिक खेलों की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल का मानना है कि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू जानती हैं कि बड़े टूर्नामेंट किस तरह जीते जाते हैं, लेकिन 30 की उम्र में प्रवेश करने से पहले उन्हें अब समझदारी से प्रतियोगिताओं का चयन करना होगा। तीस साल की सिंधू के लिए यह साल अच्छा नहीं रहा है। उन्हें कई बार टूर्नामेंट के पहले और दूसरे दौर में हार का सामना करना पड़ा है, हालांकि पिछले महीने विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर उन्होंने वापसी के संकेत दिए हैं। नेहवाल ने में कहा, फ्रऐसा नहीं है कि एक निश्चित उम्र के बाद आप अच्छा नहीं कर सकते। यह निश्चित रूप से संभव है, लेकिन आपको उन टूर्नामेंटों पर ध्यान देना होगा जिनमें आप अच्छा करना चाहते हैं। आप सभी टूर्नामेंटों में अच्छा नहीं कर सकते क्योंकि यह मुश्किल होता है।

### भारत जीत का दावेदार :अकरम

**दुबई.** पाकिस्तान के दिग्गज वसीम अकरम ने एशिया कप खिताब के लिए भारत को दावेदार करार दिया लेकिन उन्होंने सुपर चार चरण में कम स्कोर के बावजूद बांग्लादेश पर जीत दर्ज करने वाली सलमान आगा की टीम से आत्मविश्वास और लय बरकरार रखने की उम्मीद जताई। पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को बांग्लादेश के खिलाफ 136 रनों के मामूली लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव कर फाइनल का टिकट कटाया जहां उसका सामना भारत से होगा। अकरम ने कहा, ''यह भारत बनाम पाकिस्तान का मैच है और मुझे उम्मीद है कि पाकिस्तान की गेंदबाजी रविवार को भी प्रभावी रहेगी। इस मैच में भी निश्चित रूप से भारत जीत का दावेदार है।'' उन्होंने कहा, ''आप लोगों ने हालांकि देखा है, क्रिकेट प्रेमियों ने देखा है, मैंने देखा है कि इस प्रारूप में कुछ भी हो सकता है। एक अच्छी पारी, एक अच्छा स्पैल मैच का रुख बदल सकता है।'' इस पूर्व दिग्गज ने कहा, ''पाकिस्तान टीम को इस आत्मविश्वास, इस लय को रविवार को जारी रखना चाहिए और खुद का समर्थन करते हुए समझदारी से खेलना चाहिए।'' अकरम ने कहा कि पाकिस्तान अगर मैच के शुरुआती ओवरों में अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल का विकेट लेने में सफल रहा तो भारत के मध्यक्रम पर दबाव बना सकता है। गिल और अभिषेक ने 21 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ सुपर चार मैच में 105 रन की साझेदारी की थी। उन्होंने कहा, ''शुरुआती ओवरों में कुछ विकेट और ख़ासकर अभिषेक तथा गिल के विकेट से भारत निश्चित रूप से दबाव में आ सकता है।

# बर्त्स को हरा अल्काराज़ क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

## जापान ओपन : बेल्जियम के खिलाड़ी को सीधे सेटों में हराया

**टोक्यो 27 सितम्बर. विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज़ ने शनिवार को बेल्जियम के ज़िज़ो बर्त्स को 6-4, 6-3 से हराकर जापान ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।**

**शुरुआती मैच में लगी टखने की चोट का डर खत्म**

**शानदार मूवमेंट और फोरहैंड विनर्स से दर्शक हुए खुश**

इस जीत से उन्होंने टखने की चोट के डर को भी खत्म कर दिया। दो दिन पहले अपने शुरुआती मैच में अल्काराज़ को चोट लग गई थी, जिसके बाद वह कोर्ट पर गिर गए थे और उन्हें टखने पर भारी पट्टी बांधकर खेलना पड़ा था। उनकी फिटनेस को लेकर संशय था, लेकिन उन्होंने कोर्ट पर लौटकर शानदार प्रदर्शन किया और विश्व नंबर 45 बर्त्स को एक घंटा 20 मिनट में हरा दिया। अल्काराज़ अब रविवार को अगले दौर में अमेरिकी खिलाड़ी ब्रैंडन नकाशिमा का सामना करेंगे। पहले सेट में एक ब्रेक गंवाने के बावजूद अल्काराज़ ने अपनी मूवमेंट में कोई प्रतिबंध नहीं दिखाया, हालांकि एक शॉट का पीछा करते समय वह थोड़े लंगड़ाए थे। उन्होंने आतिशी फोरहैंड विनर्स की एक श्रृंखला से जापानी भीड़ को खुश किया।



# सिनर क्वार्टर फाइनल में, श्वातेक का शानदार आगाज़

## सिनर ने टेरेंस को 6-4, 5-7, 6-0 से हराया



**बीजिंग, चीन 27 सितम्बर. वर्ल्ड नंबर 2 इटली के यानिक सिनर ने शनिवार को चीन ओपन के दूसरे दौर में फ्रेंच क्वालिफायर टेरेंस एटमेन को 6-4, 5-7, 6-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।**

सिनर को यह जीत आसानी से नहीं मिली, क्योंकि एटमेन ने दूसरे सेट में बेहतरीन खेल दिखाया, जिससे मैच निर्णायक सेट तक खिंच गया। सिनर ने मैच के बाद कहा, यह आज एक बहुत कड़ा मैच था। मुझे लगा कि वह शानदार सर्विस कर रहा था।

### महिला वर्ग में श्वातेक का दबदबा

महिला वर्ग में वर्ल्ड नंबर 2 इगा श्वातेक ने अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की। उन्होंने घरेलू खिलाड़ी युआन यू को 6-0, 6-3 से आसानी से मात देकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। पोलैंड की यह खिलाड़ी अगले दौर में कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो (रैंक 83) का सामना करेंगी। छह बार की मेजर चैंपियन श्वातेक इस टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त हैं, क्योंकि वर्ल्ड नंबर 1 आर्यना सबालेंका चोट के कारण हट गईं। श्वातेक ने अपनी प्रतिद्वंद्वी की प्रशंसा करते हुए कहा, वह कोर्ट को काफी अच्छे से पढ़ रही थी, यह आसान नहीं था।

# बीसीबी चुनाव में भाग लेने रज्जाक का इस्तीफा

## निदेशक मंडल में शामिल होने की तैयारी



**ढाका, 27 सितंबर।** बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रीय बाएं हाथ के स्पिनर अब्दुर रज्जाक ने छह अक्टूबर को होने वाले बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के चुनावों में शामिल होने के लिए शनिवार को चयन समिति से इस्तीफा दे दिया।

रज्जाक ने श्रेणी 1 के तहत नामांकन पत्र दाखिल किया है और उनकी नज़र अब निदेशक मंडल में शामिल होकर खुलना डिवीजन का प्रतिनिधित्व करने पर है।रज्जाक, जिन्हें जनवरी 2021 में चयनकर्ता नियुक्त किया गया था, ने क्रिकबज वेबसाइट को बताया कि उन्होंने एक खिलाड़ी और चयनकर्ता के रूप में देश की सेवा की है और अब वह निर्वाचित होने पर निदेशक मंडल में शामिल होकर आगे आने वाली नई चुनौती का सामना करना चाहते हैं।

बीसीबी के चुनाव आयोग ने आगामी निदेशक मंडल के चुनावों के लिए 191 पार्षदों की अंतिम मतदाता सूची की घोषणा की है।इस बोर्ड में कुल 25 निदेशक (क्लबों से 12, डिवीजन और डिस्ट्रिक्ट से 10, एनएससी द्वारा नामित दो और श्रेणी तीन से एक) अध्यक्ष का चुनाव करेंगे।

# जू. महिला हॉकी में भारत की हार

## ऑस्ट्रेलिया ने 5-0 से किया पराजित

**कैनबरा 27 सितम्बर.** एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 की तैयारियों के तहत ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को शनिवार को अपने दूसरे मुकाबले में

**▸ भारतीय टीम की डिफेंस में दिखी कमजोरी**

मेजबान ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 टीम के हाथों करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। कैनबरा के नेशनल हॉकी सेंटर में खेले गए इस मैच में भारत को 0-5 के बड़े अंतर से हार का सामना करना पड़ा।

ऑस्ट्रेलिया के लिए मकायला जोन्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक (10वें, 11वें, 52वें मिनट) जमाई, जबकि सामी लव (38वें मिनट) और मिगालिया हॉवेल (50वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया की मकायला जोन्स ने लगातार दो मैदानी गोल दागकर (10वें और 11वें मिनट) भारत को मुकाबले की शुरुआत में ही 0-2 से पीछे कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भारतीय डिफेंस ने कुछ हद तक स्वयं को संगठित किया और गोलकीपर ने लगातार दबाव के बावजूद कोई मौका नहीं दिया। दूसरे हाफ में, ऑस्ट्रेलिया ने अपने दबाव को बनाए रखा.

### एमसीए नवंबर में चुनाव कराएगा

**मुंबई, 27 सितम्बर (वार्ता)** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन नवंबर में अपने चुनाव कराएगा। अभी तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन शुक्रवार (26 सितंबर) को हुई शीर्ष परिषद की बैठक में यह फैसला लिया गया। एमसीए ने एक बयान में कहा, फ्रमुंबई क्रिकेट एसोसिएशन की शीर्ष परिषद ने फैसला किया कि एसोसिएशन के चुनाव नवंबर 2025 में होंगे। यह समय-सीमा अक्टूबर में दिवाली की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए तय की गई है।एमसीए ने चुनाव कराने के लिए जेएस सहारिया को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है।



## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# शैलेश कुमार ने दिलाया सोना

**नई दिल्ली 27 सितम्बर.** भारत ने शनिवार को नई दिल्ली में चल रही विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में शानदार शुरुआत करते हुए अपना खाता खोल लिया है। देश के लिए यह एक गौरवपूर्ण दिन रहा जब शैलेश कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद

**▸ शैलेश ने 1.91 मीटर की छलांग लगाकर बनाया नया रिकॉर्ड**

ञ्च63 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जबकि वरुण भाटी ने इसी इवेंट में कांस्य पदक पर कब्जा किया।

शैलेश कुमार ने 1.91 मीटर की छलांग लगाकर न केवल स्वर्ण पदक जीता, बल्कि एक नया चैंपियनशिप रिकॉर्ड भी स्थापित किया। उनके इस प्रदर्शन ने भारत को प्रतियोगिता के शुरुआती चरण में ही शीर्ष पर ला दिया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जताई मेजबानी पर खुशी

स्वर्ण पदक की इस खुशी के बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप शुरू होने पर देशवासियों को बधाई दी और कहा कि भारत को दिल्ली में इस प्रतियोगिता की मेजबानी पर गर्व है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सभी प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत और शुभकामनाएं। यह टूर्नामेंट मानवीय दृढ़ संकल्प और जज्बे का उत्सव है। यह टूर्नामेंट दुनिया भर में एक अधिक समावेशी और जीवंत खेल संस्कृति को प्रेरित करे।'' यह प्रतियोगिता 5 अक्टूबर तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चलेगी।

**तैराकी** ▸ **अहमदाबाद में आज से शुरू होगी चैंपियनशिप, साजन प्रकाश और श्रीहरि नटराज करेंगे भारतीय अभियान की अगुवाई**

# एशियाई एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में 40 भारतीय तैराक उतरेंगे

**अहमदाबाद (गुजरात), 27 सितंबर. अहमदाबाद के नारनपुरा स्थित नवनिर्मित अत्याधुनिक वीर सावरकर खेल परिसर में रविवार से शुरू हो रही 11वीं एशियाई एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में 20 पुरुष और 20 महिलाओं सहित कुल 40 भारतीय तैराक हिस्सा लेंगे।**




भारतीय दल पिछले एक महीने से राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए नारनपुरा में एशियाई महाद्वीप के सर्वश्रेष्ठ तैराकों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयारी कर रहा था। इस चैंपियनशिप में 29 देशों से 1,100 से अधिक तैराक, कोच और तकनीकी अधिकारी पहुंचे हैं। यह टूर्नामेंट अगले साल जापान के नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाइंग स्पर्धा है।

भारत के अभियान की अगुवाई दो बार के ओलंपियन साजन प्रकाश और श्रीहरि नटराज करेंगे, जबकि महिला वर्ग में धीनिधि देसिंघु और भव्या सचदेवा भारत की सबसे बड़ी उम्मीदें होंगी। आयोजन को लेकर भारत के मुख्य कोच निहार अमीन ने कहा, पूरे दल के साथ यहां वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में प्रशिक्षण लेने के साथ हमारी तैयारी बहुत अच्छी रही। यह एक शानदार सुविधा है और इसका पूल बहुत तेज है, इसलिए मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे तैराक यहां अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

### चैंपियनशिप के लिए भारतीय तैराकी दल

**पुरुष**- एस धनुष, शॉन गांगुली, जशुआ थॉमस, अनीश गौड़ा, रोहित बी बेनेडिक्टन, अद्वैत पेज, साजन प्रकाश, बिक्रम चांगमई, हीर गीतेश शाह, एमएस यदेश बाबू, विदिथ एस शंकर, कुशाग्र रावत, जननजॉय ज्योति हजारिका, आकाश मणि, निथिक नथेला, मणिकांत एल, विनायक वी, लिकिथ एसपी, ऋषभ अनुपम दास और श्रीहरि नटराज।
**महिला टीम**- थान्या एस, सृष्टि उपाध्याय, विहिता नयना, नीना वेंकटेश, मानवी वर्मा, वृत्ति अग्रवाल, रोशिनी बी, धीनिधि देसिंघु, भाव्या सचदेवा, आस्था चौधरी, श्रीनिधि नतेसन, नायशा, अदिति सतीश हेगड़े, सानवी देशवाल, संजना प्रभुगांवकर, रुजुला एस, सौब्रीटी मंडल, एम ऋत्विका, अवंतिका चव्हाण और हर्षिता जयराम।